/

# BABASAHEB BHIMRAOAMBEDKAR BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR(BIHAR)-842001

Ref: B/2418 Date: 03.09.2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्रोफेसर इंचार्ज,
बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर से सम्बद्ध/अंगीभूत सभी महाविद्यालय।

विषय : आर.बी.आई. 90 क्विज-स्नातक-पूर्व (Undergraduate) छात्रों के लिए राष्ट्रव्यापी क्विज।

संदर्भ : उप-निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार पटना के ज्ञापांक 91 दिनांक 12.08.2024

महाशय/महाशया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि संदर्भित राष्ट्रव्यापी क्विज कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं को भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाये।

संलग्नक: यथोक्त

03/09/2024
महाविद्यालय निरीक्षक
(कला व वाणिज्य)

PKP

RESERVE BANK OF INDIA

क्षेत्रीय निदेशक, बिहार
Regional Director for Bihar

06 अगस्त 2024

अक्षा.नि.सं.वि.नि.सं./556/01.01.015/2024-25

**आरबीआई 90 क्विज – स्नातक पूर्व (Undergraduate) छात्रों के लिए राष्ट्रव्यापी क्विज**

डॉ. एस. सिद्धार्थ जी,

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) इस वर्ष अपनी 90वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर को मनाने के लिए बैंक द्वारा देश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

2. इस संबंध में, मुझे आपको यह बताते हुए अपार खुशी हो रही है कि 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में, हम स्नातक पाठ्यक्रमों के सभी स्ट्रीम में अध्ययनरत कॉलेज के छात्रों के लिए एक राष्ट्रव्यापी क्विज का आयोजन करेंगे, जिसमें विभिन्न स्तरों पर आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। क्विज की संरचना और सामान्य योजना की रूपरेखा आपकी जानकारी के लिए संलग्न है।

3. आपसे अनुरोध है कि कृपया राज्य के सभी महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में क्विज के बारे में जानकारी प्रसारित करें तथा विद्यार्थियों की व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करें। हम इस आयोजन को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी की आशा करते हैं।

4. किसी भी अन्य जानकारी के लिए, आप निम्नलिखित अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं
श्री रोहित कुमार चौधरी, प्रबंधक
Email: [illegible]@rbi.org.in; Mob. 8420832659

सादर।

भवदीय

(सुजीत कुमार अरविंद)

डॉ. एस. सिद्धार्थ, भा.प्र.से.
अपर मुख्य सचिव
शिक्षा विभाग
बिहार सरकार


दक्षिणी गांधी मैदान, पटना (बिहार) – 800 001, भारत
फोन : (0612) 232 3291 फैक्स : (0612) 232 2143 ई-मेल : rdpatna@rbi.org.in
South Gandhi Maidan, Patna (Bihar) - 800 001 India
Tel : (0612) 232 3291 Fax : (0612) 232 2143 E-mail : rdpatna@rbi.org.in


हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइए

पटना दिनांक–......................2024

ज्ञापांक–

प्रतिलिपि– कुलपति एवं कुलसचिव, राज्य के सभी विश्वविद्यालय को इस अनुरोध के साथ कि उक्त पत्र के आलोक में **"आरबीआई 90 क्विज–स्नातक–पूर्व (Undergraduate) छात्रों के लिए राष्ट्रव्यापी क्विज"** कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं को भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करने की कृपा करें।

विश्वासभाजन

ह0/-
(बैद्यनाथ यादव)
सचिव
शिक्षा विभाग।

ज्ञापांक– 91 (अ०नि०)

पटना दिनांक–12/Aug./2024

प्रतिलिपि– रंजीता चौधरी, उप महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, पटना, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/8/24

(दीपक कुमार सिंह)
उप निदेशक, उच्च शिक्षा,
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

RBI90 Quiz

सीखो। खेलो। जीतो

## महत्वपूर्ण जानकारी

**उद्देश्य:** आरबीआई@90 समारोह के अंतर्गत विद्यार्थियों की सहभागिता को बढ़ावा देना।

**कौन भाग ले सकता है:** देश भर के मान्यता प्राप्त कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रम में पढ़ रहे छात्र-छात्राएँ।

**क्विज़ में शामिल विषय (कवरेज) :** सामान्य ज्ञान (इतिहास, अर्थव्यवस्था, समसामयिक मामले, आदि) के साथ-साथ आरबीआई से संबंधित कुछ प्रश्न।

**यह किस तरह से संचालित होगा :**

- **चरण-1 (ऑनलाइन)**
  - हिंदी और अंग्रेजी में ऑनलाइन क्विज़
  - राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ~~कॉलेजों को क्विज़ के~~ अगले राउंड के लिए चुना जाएगा।
- **चरण - 2 (राज्य स्तर)**
  - एलिमिनेशन राउंड के बाद, चयनित किए गए कॉलेज ऑन-स्टेज क्विज़ में प्रतिस्पर्धा करेंगे।
  - राज्य स्तरीय क्विज़ के विजेता आगे ज़ोनल राउंड में जाएंगे।
- **चरण 3 और 4 (ज़ोनल और नेशनल)**
  - ज़ोनल राउंड के विजेता अंततः नेशनल फाइनल्स में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

**पुरस्कार:**

- **क्विज़ के राज्य स्तर से ले कर आगे हर स्तर पर पुरस्कार दिए जाएँगे। नेशनल राउंड के लिए अंतिम पुरस्कार इस प्रकार होंगे:**
  - प्रथम पुरस्कार: ₹10 लाख
  - द्वितीय पुरस्कार: ₹8 लाख
  - तृतीय पुरस्कार: ₹6 लाख
  - सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे।
- **समय-सूची :** इस क्विज़ के लिए पंजीकरण अगस्त-2024 माह में शुरू होगा और ऑनलाइन क्विज़ सितंबर-2024 माह में आयोजित किया जाएगा। राज्य और ज़ोनल स्तर पर अक्टूबर और नवंबर-2024 माह में क्विज़ आयोजित किए जाएंगे। दिसंबर-2024 माह में फाइनल आयोजित किया जाएगा।
- इस संबंध में अधिक जानकारी आरबीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।



# RBI90 Quiz

सीखो। खेलो। जीतो

STABILITY | TRUST | GROWTH

## सभी अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए

यही मौका है अपने सामान्य ज्ञान को बेहतरीन छात्रों के साथ परखने और बड़े ईनाम जीतने का!
क्विज़ में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए आरबीआई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लें!

अधिक जानकारी और रजिस्टर करने के लिए, यह क्यूआर कोड स्कैन करें।

## जीतने के 4 चरण

**1 ऑनलाइन राउंड**
यही मौक़ा है अपनी चमक बिखेरने का! अपने लैपटॉप या स्मार्टफोन की मदद से अपने टीममेट के साथ घर या क्लासरूम से ऑनलाइन क्विज खेलें।

**2 स्टेट राउंड**
ऑनलाइन राउंड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी राज्य स्तर पर आमने-सामने क्विज़ खेलेंगे।

**3 ज़ोनल राउंड**
स्टेट राउंड में जीत कर ज़ोन में अन्य राज्यों की बेहतरीन टीमों का सामना करें।

**4 फाइनल राउंड**
अपनी प्रतिभा दिखाएँ और नेशनल फाइनल राउंड में पहला स्थान पाने के लिए मुकाबला करें।

राउंड 2, 3 और 4 के लिए प्रतिभागियों के आने-जाने और ठहरने का खर्च आरबीआई द्वारा उठाया जाएगा।

**कौन हिस्सा ले सकता है?**
इस क्विज़ में 25 वर्ष तक के सभी अंडरग्रेजुएट विद्यार्थी भाग ले सकते है, जो वर्तमान में भारत के किसी मान्य कॉलेज/यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे हों।




- रजिस्ट्रेशन अगस्त 2024 में शुरू होगा।
- 2 सदस्यों की टीम के रूप में रजिस्टर करें।
- प्रत्येक प्रतिभागी सिर्फ एक टीम में शामिल हो सकता है।

अधिक जानकारी के लिए, www.rbi.org.in पर जाएं

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA